**पद :** कार्यक्रम प्रबंधक / वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक **पद कोड : PM-10**

**कुल पद :** 02[दो]

**वेतनमान** : योग्यता और अनुभव के आधार पर कार्यक्रम प्रबंधक हेतु समेकित पारिश्रमिक - 90,000/- रुपये से 2,70,000/- रुपये प्रति माह के मध्य एवं वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक हेतु - 110,000/- रुपये से 3,00,000/- रुपये प्रति माह के मध्य निश्चित किया जाएगा।

**अवधि** : यह नियुक्ति 'सेवा के लिए अनुबंध' के तहत प्रारम्भ में तीन (03) वर्षों की अवधि या परियोजना के साथ सह-समाप्ति, जो भी पहले हो के लिए है। परियोजना की वर्तमान अवधि जून 2025 तक है। अनुबंध का नवीनीकरण संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर परियोजना के विस्तार या सेवा की निरंतरता की आवश्यकता पर निर्भर करेगा।

**कार्य विवरण** : कार्यक्रम प्रबन्धक/वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबन्धक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई- नेशनल बायोफार्मा मिशन, बाइरैक में कार्य करेंगे चयनित अभ्यर्थी को आवश्यक रूप से बायोथेरेप्यूटिक्स (टीके, मोनोक्लोनल एंटीबॉडी, बायोसिमिलर), वैक्सीन या डिवाइस और डायग्नोस्टिक्स से संबंधित ट्रांसलेशनल साइंस और उत्पाद विकास में विशेषज्ञता के अतिरिक्त विशेषतः प्रौद्योगिकी हस्तांतरण कार्यालय और आईपी मुद्दों की समझ का होना आवश्यक है। साथ ही, भारत और विदेश दोनों में विचारकों और अग्रणी वैज्ञानिकों के साथ वार्तालाप और कार्य करना; प्रासंगिक क्षेत्रों में रणनीतिक सोच और दूरंदेशी विश्लेषण में योगदान देना; रणनीतिक लक्ष्यों के विरुद्ध प्रगति का संचार करना; और महत्वपूर्ण रूप से मिशन के तहत समर्थित विभिन्न परियोजनाओं के लिए एक टीम के हिस्से के रूप में अनुदान/अनुबंध बनाना और प्रबंधित करना।

**मुख्य उत्तरदायित्व :**

- मिशन कार्यक्रम के कार्यान्वयन की जिम्मेदारियाँ, जिसमें प्रस्ताव आमंत्रित करने के लिए RFA लिखना, वैज्ञानिक मूल्यांकन और प्रस्ताव के आकलन के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ काम करना शामिल है।
- उच्च-स्तरीय अनुदान प्रबंधन कौशल की आवश्यकता वाले जटिल अनुदानों के पर्याप्त पोर्टफोलियो का प्रबंधन करना।
- मिशन के लिए सभी आवश्यक अनुबंध और समझौते तैयार करने के लिए कानूनी और वित्त विभाग के साथ काम करना।
- योजना और कार्यान्वयन सहित नई और चल रही परियोजनाओं के सभी पहलुओं का समन्वय और प्रशासन।
- सभी कार्यक्रम निवेश और वित्तीय नियोजन हेतु उत्तरदाई।
- सभी गतिविधियों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करना।
- परियोजनाओं की तकनीकी और वित्तीय दोनों तरह से उचित निगरानी करना, परियोजना समीक्षा, नए क्षेत्र को प्राथमिकता देने और कार्यान्वयन के लिए रणनीति तैयार करने के लिए SAG, TAG और SC के साथ मिलकर काम करना।
- अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और कार्यशालाओं सहित सभी बैठकों, संवाद और सलाहकार समूह चर्चा के आयोजन के हेतु उत्तरदाई।
- वैज्ञानिक विशेषज्ञता के अतिरिक्त, कार्यक्रम प्रबंधक को बाइरैक संस्था के मिशन से संबंधित अनूठी समस्याओं और प्रश्नों को संबोधित करने के लिए उत्साह, विनम्रता और आलोचनात्मक सोच का होना आवश्यक है।
- एक प्रभावी संचार और आउटरीच रणनीति तैयार करना और उसे लागू करना।
- तकनीकी सलाहकार समूहों, बाइरैक, डीबीटी और विश्व बैंक के सदस्यों सहित

**अनिवार्य योग्यता :**

- स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्रों में परियोजना प्रबंधन में व्यापक और गहन ज्ञान के साथ जीवन विज्ञान / जैविक विज्ञान / जैव प्रौद्योगिकी / फार्मेसी में पीएच.डी.।
- शैक्षणिक, औद्योगिक या समान पद पर 6-10 वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय अनुभव :**

- उद्योग या शिक्षा में जैव चिकित्सा, टीके या चिकित्सा उपकरण निर्माण के क्षेत्र में नवीन अनुसंधान करने के अनुभव के साथ पोस्ट-डॉक्टरल फेलोशिप को प्राथमिकता दी जाएगी।
- परियोजना प्रबंधन में अनुभव, उत्तम योजना और विश्लेषणात्मक कौशल। उत्कृष्ट पारस्परिक एवं संवाद कौशल।

**आयु सीमा :** आवेदन की अंतिम तिथि तक कार्यक्रम प्रबंधक हेतु अधिकतम 38 वर्ष तथा वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक हेतु अधिकतम 40 वर्ष।

**अनुभव :** कार्यक्रम प्रबंधक - 6 से 8 वर्ष और वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक - 10 से 12 वर्ष।

| | |
|---|---|
| अनुदानकर्ताओं और प्रमुख हितधारकों के साथ काम करना और संवाद करना।<br><br>▪ वैक्सीन और बायोथेरेप्यूटिक्स पोर्टफोलियो, साझा परीक्षण सुविधाओं, स्केल-अप सुविधाओं, पुराने और नए ट्रांसलेशनल रिसर्च कंसोर्टिया का प्रबंधन करना।<br><br>▪ क्लिनिकल ट्रायल सेंटरों की निगरानी करना, विशेषज्ञ समिति की बैठकों और परियोजना प्रबंधन समिति की बैठकों का समय निर्धारण करना और बाइरैक संस्था के तकनीकी समूह का समर्थन करना। | |